# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 अप्रैल 2024, बुधवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा गुरारू (गया, औरंगाबाद लोक सभा) बिहार में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है...भारत के अर्थतंत्र को तीसरे स्थान पर पहुँचना, चंद्रयान, मंगलयान, आदित्ययान की सफल लैन्डिंग व भारत को वांमपंथी उग्रवाद मुक्त बनाना**

********************

**कर्पूरी ठाकुर को विपक्ष ने सम्मान नहीं दिया, मोदी जी ने उनको भारत रत्न देकर देश के करोडों वंचितों को सम्मान देने का काम किया है**

********************

**काँग्रेस और आरजेडी 12 लाख करोड़ के घपले-घोटालों में लिप्त हैं**

********************

**काँग्रेस और आरजेडी ने 75 सालों तक राम मंदिर पर लोगों को भटकाया**

********************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कल्याणकारी योजना पीएम आवास का सबसे अधिक लाभ औरंगाबाद जिला की जनता को मिला है**

********************

**जिस औरंगाबाद में बम धमाके हुआ करते थे आज वहाँ सड़क, स्वस्थ और शिक्षा की बात हो रही है**

********************

**काँग्रेस- राजद ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया, मोदी जी ने 10 वर्ष में 15 लाख करोड़ के नए काम किए**

********************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को बिहार के गुरारू (गया, औरंगाबाद लोक सभा) में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार की हर सीट पर एनडीए को विजयी बनाने की अपील करते हुए महागठबंधन पर जम कर हमला बोला। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री नित्यानंद राय, बिहार उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी, हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा अध्यक्ष व गया लोकसभा प्रत्याशी श्री जीतनराम मांझी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुशवाहा सहित और औरंगाबाद प्रत्याशी श्री

सुशील सिंह सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। श्री शाह ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को विजयी बनाने के लिए बिहार कि जनता से 40 में से 40 सीटें एनडीए को देने का आह्वान किया।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस के सांसद देश के टुकड़े करने की बात करते हैं और राहुल गांधी - सोनिया गांधी इस पर भी चुप्पी साध लेते हैं। कांग्रेस और राजद समेत इंडी एलायंस कि पार्टियां केवल भ्रष्टाचार कर सकते हैं और जंगलराज दे सकते हैं, लेकिन देश का विकास नहीं कर सकते हैं।**

श्री कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले आरजेडी नेता लालू यादव सत्ता में आने के बाद श्री कर्पूरी ठाकुर को सम्मानित करने की बात करते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बल्कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने श्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान कर समस्त पिछड़े समाज को सम्मान दिया है**। बिहार की जनता ने 2014 में भाजपा को 40 में से 31 सीटें और 2019 में 40 में 39 सीटें दी थी। लेकिन इस बार **श्री अमित शाह ने बिहार की जनता से बिहार की सभी 40 सीटें एनडीए को जिताने की अपील की।**

श्री शाह ने वादा किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 400 पार सीटें जीतने पर भारत दुनिया के अर्थतंत्र में तीसरे स्थान पर पहुँच जाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब चंद्रयान, मंगलयान और आदित्ययान तीनों की सफलता दर्ज करना है। पुनः मोदी सरकार बनाने का मतलब कश्मीर, पूर्वोत्तर और समूचे वामपंथी उग्रवाद का सफाया करना है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 75 वर्षों तक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रभु श्री राम को सम्मान सहित टेंट में से निकालकर भव्य राम मंदिर में विराजमान किया है। **पहली बार रामलला रामनवमी के दिन टेंट नहीं, बल्कि भव्य राम मंदिर मे अपने भक्तों को दर्शन देंगे।** कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव ने कभी धारा 370 को हटने नहीं दिया। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया और कश्मीर हमेशा के लिए भारत का अभिन्न हिस्सा बन गया।** कांग्रेस शासन में हर दिन पाकिस्तान से आलिया मलिया जमालिया आते थे, बम धमाके करते थे लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

श्री शाह ने कहा कि **पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति माह प्रति व्यक्ति नि:शुल्क राशन दिया**, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया, 4 करोड़ लोगों को घर दिया, 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को गैस का कनेक्शन दिया, 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का नि"शुल्क इलाज मुहैया करवाया है। श्री अमित शाह ने कहा कि **बिहार की एनडीए सरकार ने पूरे राज्य में आयुष्मान भारत को लागू किया है और हर जरूरतमंद तक इसका लाभ पहुंचाया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने औरंगाबाद सहित पूरे देश को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान इस क्षेत्र में शाम होते ही नक्सली हमले होने का डर रहता था, लेकिन भाजपा सरकार में आज स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा की बात की जा रही है। **आज पूरा बिहार और झारखंड नक्सलवाद एवं उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो गया है।** भाजपा ने 2019 से अब तक सिर्फ 5 वर्षों में 200 से अधिक कैंप बनाए और नक्सलवादी संगठनों के सदस्यों ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया या उन्हें मार दिया गया। **भाजपा ने बूढ़ा पहाड़ और चकरबंदा को नक्सलवादियों**

**से मुक्त कराया।** इसके अलावा औरंगाबाद में आईटीआई, 2 स्किल सेंटर, 1-1 जवाहर और केन्द्रीय विद्यालय तथा गया में दो-दो जवाहर और केन्द्रीय विद्यालय और मोबाइल टावर सहित कई अभूतपूर्व कार्य किए गए। भाजपा सरकार ने औरंगाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 90 हजार घर बनाए हैं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत के तहत 2 लाख 30 हजारों को ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दिया है, 2 लाख 25 महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क सिलेंडर दिए हैं, 3 लाख घरों में नल से जल पहुंचाया और 1 लाख 80 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष ₹6 हजार दिए। इसके अलावा रफीकगंज, नवीनगर और अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा है और इसके अलावा ढेर सारे काम किए गए हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी 10 वर्षों की सरकार में कुछ नहीं किया। **मोदी सरकार ने 10 वर्षों में 15 लाख करोड़ के नए काम शुरू किए हैं।** सिर्फ धार्मिक तुष्टीकरण करने वाली कांग्रेस अब मुस्लिम पर्सनल लॉ लाने की बात कह रही है। दूसरी भाजपा सरकार ने तीन तलाक और धारा 370 समाप्त किया है और समान नागरिक संहिता के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस के सांसद देश के टुकड़े करने की बात करते हैं और राहुल गांधी - सोनिया गांधी इस पर भी चुप्पी साधे बैठे हैं। **1947 में देश का विभाजन करने वाली कांग्रेस को पुनः विभाजन की बात करने पर शर्म करनी चाहिए।** लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को टूटने नहीं देंगे। कांग्रेस आतंकवादी संगठन पीएफआई पर लगे प्रतिबंध का विरोध करती है और राजद के नेता चंद्रशेखर रामचरितमानस और राष्ट्रगान वंदे मातरम पर प्रश्न खड़े करते हैं। **देश के विभाजन का सपना देखने वाले लोग देश का विकास नहीं कर सकते**। कांग्रेस और राजद केवल भ्रष्टाचार कर सकते हैं। **कांग्रेस ने ₹12 लाख करोड़ 45 से ज्यादा घोटाले किए हैं लेकिन 23 वर्ष से मुख्यमंत्री फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाल रहे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सकता।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने सहारा को-ऑपरेटिव में निवेश करने वाले सभी लोगों को उनका पैसा वापस देने का निर्णय लिया है।

श्री शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के सांसद के घर से ₹350 करोड़ बरामद किए गए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर भ्रष्टाचारी को जेल के पीछे डालने और गरीबों को उनका पैसा वापस देने का वादा किया है। **विपक्ष चाहे जितना विरोध करे लेकिन मोदी सरकार भ्रष्टाचारियों को जेल के अंदर डालकर रहेगी।** अंत में श्री अमित शाह ने जन सैलाब से अपील करते हुए कहा कि अब बिहार को विकसित राज्य बनाने वाली सरकार का चुनाव करने का समय आ गया है। श्री अमित शाह ने एनडीए 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाकर लगातार तीसरी बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनाने का आह्वान किया।

********************